कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर।
विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–02/2018/661/सात–न्याय–2018–47/2002 दिनांक 30.01.2018 एवं उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्रधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0–1324/एसएलएसए–23/2016 दिनांक सितम्बर 07, 2020 के निर्देश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के अन्तर्गत स्थायी लोक अदालत हेतु (जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कर्मियो से) अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय के आधार पर निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

कम सं0	पदनाम	पदों की संख्या	मासिक निर्धारित मानदेय (रू0 में)
1	पेशकार	01	9000/–रू0
2	आशुलिपिक ग्रेड–2	01	9000/–रू0
3	चपरासी	01	7000/–रू0

1. नागरिकता– आवेदक का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है।

2. शैक्षिक योग्यता–

1. पेशकार– जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त।
2. आशुलिपिक– ग्रेड–2, जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त।
3. चपरासी– जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त।

3. उम्र– 65 वर्ष से अधिक न हो।

उपरोक्त सभी कर्मचारियों का कार्यकाल 02 वर्ष या 65 वर्ष की आयु पूरी होने, जो भी पहले हो, तक के लिए होगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/स्थायी लोक अदालत, हमीरपुर के कार्यालय में **दिनांक 28.09.2020 को सायं 4:00 बजे** तक जमा कराना होगा। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के **दिनांक, समय व स्थान की सूचना** आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि के पश्चात जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/hamirpurup में प्राप्त की जा सकती है।

संलग्नक– आवेदन का प्रारूप।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हमीरपुर।

प्रतिलिपि–

1. जिलाधिकारी, हमीरपुर को सूचनार्थ एवं उक्त की सूचना कलेक्ट्रेट न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
2. जिला सूचना अधिकारी, हमीरपुर को उक्त का निःशुल्क प्रकाशन अपने स्तर से समस्त समाचार पत्रों के माध्यम से न्यूज आइटम के तौर पर प्रसारित करने हेतु।
3. दीवानी न्यायालय के सूचना पट्ट एवं ए0डी0आर0 भवन के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. सिस्टम अधिकारी कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को उपरोक्त सूचना को जिला न्यायालय हमीरपुर एवं माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

16/9/2020

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हमीरपुर।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत स्थायी लोक अदालत, हमीरपुर में 01 पेशकार, 01 आशुलिपिक तथा 01 चपरासी के पद पर नियत मानदेय के आधार पर 02 वर्ष या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर, जो भी पहले हो तक के लिए नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप।

अभ्यर्थी की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज स्वयं प्रमाणित फोटो

1. अभ्यथी का नाम (हिन्दी में)..

2. अभ्यथी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)...

3. पिता/पति का नाम...

4. जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)...

5. अभ्यर्थी का स्थायी पता (पिन कोड सहित)...
....

6. अभ्यर्थी का वर्तमान पता (पिन कोड सहित)...
....

7. मोबाइल/टेलीफोन नम्बर..ई–मेल...

8. शैक्षिक योग्यता–

कम सं0	योग्यता	बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था का नाम	प्राप्तांक/ कुल अंक	प्रतिशत

(यदि अभ्यर्थी के पास अन्य कोई अर्हता है तो तालिका में उसको भी अंकित करना सुनिश्चित करें।)

घोषणा पत्र

यह कि मैं .... पुत्र/पुत्री ....घोषणा करता/करती हूं कि मैनें उपरोक्त नियम व शर्तों को पूर्ण रूप से पढ़ लिया है, आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गयी सभी सूचना सत्य हैं और उसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि जांच के दौरान या मेरी सेवा काल में मेरे द्वारा दी गयी सूचना मिथ्या पाये जाने अथवा मेरे द्वारा छिपाया जाने पर मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये।

दिनांक–

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर
पूरा नाम...
पता...
....